# सराहनीय कार्य

**प्रेस नोट दिनांक 19.07.2026**

# थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर

**थाना चरथावल पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर (रायफलनुमा) बरामद कर गिरफ्तार कर भेजा जेल**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, मेरठ जोन मेरठ एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद मुजफ्फनगर श्री संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी सदर व थाना प्रभारी चरथावल के कुशल नेतृत्व में थाना चरथावल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 18.07.26 को उ0नि0 सतीश चन्द्र द्वारा मय हमराह पुलिस बल के देखरेख शांति व्यवस्था चैकिग सग्दिध वाहन व्यक्ति में मामूर होकर ग्राम रोनीहरजीपुर पुलिस पर चैकिंग कर रहे थे तो जरिये मुखबिर खास सूचना मिली की भैसानी की ओर से एक व्यक्ति अवैध अस्लाह लेकर आने वाले है जल्दि की जाए तो पकडा जा सकता है मुखबिर खास की सूचना पर विश्वास करके उ0नि0 सतीशचन्द्र मय हमराह मय मुखबिर के भैसानी जाने वाले रास्ते पर पहुँचे तो मुखबिर द्वारा दूर से इशारा करके बताया कि जो व्यक्ति ग्रे रंग का पेन्ट पहने व सफेद रंग की टीशर्ट पहने हुआ है यही वह व्यक्ति है और मुखबिर चला गया। पुलिस द्वारा सिखलाये गये तरीके से एकबारगी दबिश देकर समय करीब 23.14 बजे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो अभियुक्त ने अपना नाम अभिषेक पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम रोनीहरजीपुर थाना चरथावल मु0नगर बताया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर (रायफलनुमा) बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर दिनांक 19.07.26 को थाना चरथावल पर अ0सं0 125/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 श्री मनोज सिंह के सुपुर्द की गयी है। अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1. अभिषेक पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम रोनीहरजीपुर थाना चरथावल मु0नगर

**आपराधिक इतिहास गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक उपरोक्त**

**1.** अ0सं0 125/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट

**गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-**

उ0नि0 श्री सतीश चन्द्र

हे0का0 342 दिनेश

रि0का0 1126 सुनील कुमार

रि0का0 784 राजाबाबू